

डी. शेषा चारी और डी. राघवा चारी (हैदराबादी ब्रदर्स)

अकादेमी पुरस्कार : कर्नाटक गायन संगीत

हैदराबाद ब्रदर्स के रूप में मशहूर श्री डी. राघव चारी और श्री डी. शेष चारी का जन्म क्रमशः 1 जून 1952 और 10 अक्तूबर 1956 को हैदराबाद में हुआ था। आपके संगीत को निखारने का श्रेय आपके माता–पिता, डी. रत्नामाचारयुलु और डी. सुलोचना देवी को जाता है, और अपने बचपन के वर्षों से इकट्ठे प्रस्तुति पेश कर रहे हैं। श्री राघव चारी ने सुसरला शिवाराम के साथ पढ़ाई भी की है। ये दोनों चालीस वर्षों से कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में प्रतिष्ठित हैं।

हैदराबाद ब्रदर्स शास्त्रीय संगीत की थंजावुर परंपरा से सम्बद्ध हैं, और त्यागराज की कीर्ति की प्रस्तुति के लिए मशहूर हैं। दोनों ने देशभर में सभाओं तथा उत्सवों में प्रस्तुति पेश की है और 1990 से यूनाइटेड स्टेट्स (अमेरिका), कनाडा, मध्य पूर्व तथा पूर्व एशिया का कई बार दौरा किया है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कई बार आपके कार्यक्रम प्रसारित हुए हैं। आकाशवाणी के स्टाफ कलाकार के रूप में, श्री शेषाचारी ने रेडियों पर संगीत पाठ किए हैं, और कर्नाटक संगीत के पहलुओं और संगीतकारों पर कई विशेषताएं प्रस्तुत की हैं।

हैदराबाद ब्रदर्स को उनके कार्य के लिए कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है। वे 1992 में कांची कामकोटि पीठम् और 1996 में अहोबिला मठ के अस्थाना विद्वान घोषित किए गए थे। 2012 में, आपने आंध्र प्रदेश सरकार से कला रत्न पुरस्कार (2012) प्राप्त किया था।

हैदराबाद ब्रदर्स – श्री डी. राघव चारी और श्री डी. शेष चारी को कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए संयुक्त रूप से संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।